भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र

डाकघर - केट
इंदौर-452013

संख्या-आरआरकेट/हिंदी/73/वैज्ञा.साहि.अनु./2021/1985-2060 दिसम्बर 15, 2021

कार्यालय आदेश

केंद्र के सेवारत एवं सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारियों एवं वैज्ञानिक सहायकों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर केंद्र के वैज्ञानिक साहित्य का हिंदी अनुवाद मानदेय के आधार पर किए जाने हेतु सेवारत एवं सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारियों एवं वैज्ञानिक सहायकों का एक पैनल तत्काल प्रभाव से एतद्द्वारा निम्नवत गठित किया जाता है :

श्री/श्रीमती/कुमारी/डॉक्टर

1.	पीयूष सक्सेना (468)	वैज्ञानिक अधिकारी/एच	सेवारत
2.	थाम सिंह धामी (810)	वैज्ञानिक अधिकारी/जी	सेवारत
3.	जितेंद्र कुमार (1703)	वैज्ञानिक अधिकारी/एफ	सेवारत
4.	सुशील कुमार शर्मा (1020)	वैज्ञानिक अधिकारी/एफ	सेवारत
5.	महेश कुमार स्वामी (1648)	वैज्ञानिक अधिकारी/एफ	सेवारत
6.	नरेंद्र कुमार (702)	वैज्ञानिक अधिकारी/ई	सेवारत
7.	राम राज यादव (695)	वैज्ञानिक अधिकारी/ई	सेवारत
8.	अभय भिसीकर (1685)	वैज्ञानिक अधिकारी/ई	सेवारत
9.	मनोज कुमार (1029)	वैज्ञानिक अधिकारी/डी	सेवारत
10.	दीक्षा खंडेलवाल (2367)	वैज्ञानिक अधिकारी/सी	सेवारत
11.	गौरव कन्याल (2356)	वैज्ञानिक अधिकारी/सी	सेवारत
12.	सुशील कुमार पाठक (1019)	वैज्ञानिक सहायक/जी	सेवारत
13.	सतीश कुमार शाह (732)	वैज्ञानिक सहायक/जी	सेवारत
14.	वैभव तिवारी (1871)	वैज्ञानिक सहायक/ई	सेवारत
15.	ललित बिरनवार (2257)	वैज्ञानिक सहायक/डी	सेवारत
16.	अमरेश चंद्र पाण्डेय (1869)	वैज्ञानिक सहायक/डी	सेवारत
17.	विनोद कुमार सेनेचा	पूर्व वैज्ञानिक अधिकारी/एच+	सेवानिवृत्त
18.	मधुसूदन जठार	पूर्व वैज्ञानिक अधिकारी/जी	सेवानिवृत्त
19.	अलकांज शुक्ल (2350)	प्रवर श्रेणी लिपिक	सेवारत

वर्ग निदेशक एवं प्रभाग/अनुभाग/प्रयोगशाला प्रमुख, उपर्युक्त सूची के किसी भी अधिकारी, जो **उनके अधीन कार्यरत हो,** को सीधे अनुवाद कार्य दे सकते हैं किन्तु सूचीबद्ध अधिकारी **सामान्य परिस्थिति में** उक्त अनुवाद कार्य को अपने दैनंदिन सरकारी कामकाज को पूरा करने के उपरांत करेगा. तथापि, सूचीबद्ध अधिकारी के आसन्न अधिकारी, **अनुवाद कार्य की आवश्यकता को देखते** हुए सूचीबद्ध अधिकारी को तदनुसार निदेश दे सकते हैं.

सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारियों एवं वैज्ञानिक सहायकों को अनुवाद कार्य, केंद्र के हिंदी अनुभाग द्वारा आवंटित किया जाएगा और कार्यपूर्ण हो जाने के उपरांत संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी उक्त कार्य सीधे आरआरकेट के हिंदी अनुभाग को ही प्रस्तुत करेंगे.

सूचीबद्ध अधिकारी (यदि किसी ने कोई वैज्ञानिक अनुवाद कार्य किया है तो) मानदेय हेतु दावा माह के अंतिम सप्ताह में हिंदी अनुभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए निर्धारित प्रोफार्मा (यह प्रोफार्मा आरआरकेट इन्फोनेट के राजभाषा पृष्ठ तथा आरआरकेट वेबसाइट के पेंशनर्स कार्नर पर भी उपलब्ध है) में करेंगे.

सेवारत वैज्ञानिक अधिकारियों एवं वैज्ञानिक सहायकों को मानदेय का भुगतान वेतन के माध्यम से तथा सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारियों एवं वैज्ञानिक सहायकों को मानदेय का भुगतान PFMS के माध्यम से E-payment द्वारा किया जाएगा.

मानदेय की दरें नीचे दी गई हैं :

1.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य / सामग्री के अंग्रेजी से हिंदी भाषा में अनुवाद हेतु	-	रुपए 250/- प्रति पृष्ठ (कम से कम 400 शब्दों का पृष्ठ)
2.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य / सामग्री के अंग्रेजी से हिंदी भाषा में पुनरीक्षण कार्य हेतु	-	रुपए 150/- प्रति पृष्ठ (कम से कम 400 शब्दों का पृष्ठ)

अनुवाद कार्य के आबंटन संबंधी समस्त अधिकार आरआरकेट के हिंदी अनुभाग के पास सुरक्षित हैं. अतः इस संबंध में किसी भी तर्क-वितर्क या प्रश्नों का उत्तर देने के लिए आरआरकेट का हिंदी अनुभाग बाध्य नहीं है.

पुनश्च, पैनल को बनाए रखने अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय पैनल को निरस्त कर देने का अधिकार आरआरकेट प्रशासन के पास सुरक्षित है.

संलग्नक : प्रोफार्मा

शंकर नाखे / 15/12/2021

(शंकर वि. नाखे)
निदेशक DIRECTOR

सभी वर्ग निदेशक एवं प्रभाग/अनुभाग/प्रयोगशाला प्रमुख, आरआरकेट

सूची में स्थित अधिकारी / कर्मचारी - संबंधित वर्ग/प्रभाग/अनुभाग/प्रयोगशाला प्रमुख के माध्यम से (मेल-ऑल)

आरआरकेट वेबसाइट पेंशनर्स कॉर्नर

प्रतिलिपि : निदेशक कार्यालय, आरआरकेट
: मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आरआरकेट